K17U 0968

Reg. No. : ....

Name : ....

GOVT. BRENNEN COLLEGE CENTRAL LIBRARY THALASSERY

II Semester B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.A.R.T.M./B.T.T.M./B.B.M. Degree (C.B.C.S.S. – Reg./Supple./Imp.) Examination, May 2017

COMMON COURSE IN HINDI

2A08 – 1 HIN : Sampreshaneey Hindi

(2014 Admn. Onwards)

Time : 3 Hours   Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1) 'आज मनुष्य ने विज्ञान की सहायता से संपूर्ण विश्व को अपनी मुट्ठी में कर लिया है'। अपना मत प्रकट कीजिए।

2) भारतीय संस्कृति अनुपम है अनूठा है–अपना विचार व्यक्त कीजिए। **(1×7=7)**

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

3) अपने मनपसंद लेखक से एक भेंटवार्ता तैयार कीजिए।

4) संकेत बिन्दुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए।

एक समुद्री डाकू – एक चट्टान के पास आया – वहाँ घंटा देखा – क्या है ? चट्टान खतरनाक है – मुसाफिरों को सावधान करने के लिए है – हँसी आयी – चट्टान पर गया – घंटा गिरा दिया – कुछ दिन बाद – डाकू की ताव चट्टान से टकरा गयी – डूब गयी – डाकू पछताला – पर क्या लाभ ?

(1×7=7)

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

5) हिन्दी में अनुवाद कीजिए।

Physical exercise is an absolute necessity, it enables one to ward off diseases. A constitution which has been made strong by exercise can successfully combat a disease. Such a man, if he fails ill recovers sooner than one who does not do any exercise. He can bear more lordships and fatigue, has more enduring power and along with it, a strong mind. In short, a man who takes regular exercise is fitted in all ways to fight successfully against almost all the evils that human beings are subject to.

6) **अंग्रेजी** या **मलयालम** में अनुवाद कीजिए :

हर एक वस्तु के दो पहलू होने हैं– अच्छा और बुरा। यह बात स्त्री–शिक्षा में भी है। कुछ लोग स्त्री शिक्षा के पक्ष में है और कुछ लोग उसके विपक्ष में। स्त्रीशिक्षा में गुण अधिक हैं, दोष कम। स्त्रियों को शिक्षा देना हमारा परम धर्म है। क्योंकि अशिक्षित स्त्रिया माता का दायित्व ठीक तरह से नहीं सँभाल सकती। स्त्री शिक्षा का सबसे पहला लाभ यह है कि उनका दृष्टिकोण विस्तृत हो जाता है। संसार की प्रगति को जानकर पढ़ी–लिखी स्त्रीयाँ देश की उन्नति में सहायता दे सकती हैं और अपनी जीविका खुद चला सकती है।

7) आपके कॉलेज में हुए 'विभाग मेला' का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए।

8) नॉशनल बुक स्टॉल, नई दिल्ली से आपने कुछ पुस्तकें माँगी हैं। ठीक समय पर माल न आने की शिकायत करते हुए एक पत्र लिखिए। **(3×3=9)**

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

9) निम्नलिखित शब्दों के **अंग्रेजी** में अनुवाद कीजिए।

1) पेशगी, नीलाम, रकम, बकाया
2) दलाली, सहकारी, ग्राहक, थोक विक्रेता
3) सुपुर्दगी, प्रारूप, विस्तार, परीक्षक
4) पहचान, गैरकानूनी, प्रबन्धक, पाण्डुलिपि
5) पंजीकरण, अनुपात, पारिश्रमिक, सचिवालय
6) सारणीकरण, निविदा, यातायात, जलयात्रा.

10) निम्नलिखित शब्दों का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए।

1) Affiliated, Arrears, Average Asset
2) Communication, Corporation, Deduction, Discount
3) Endorsement, Graduate, Estimate, Fixed
4) Trade Union, Transaction, Vacancy, Tax free
5) Grant, Loan, Liaison Officer, Ownership
6) Revenue, Secretary, Inspector, Qualification

11) आपके द्वारा एक 'नया तेल' विकसित किया गया है। उसके लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

12) संक्षेपण कीजिए :

ज़िन्दगी के असली मज़े उनके लिए नहीं हैं जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते और सोते हैं। बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है तो वह भी उनके लिए है जो दूर रेगिस्तान से आ रहे हैं, जिनका कंठ सूखा हुआ है। ओंठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर है। पानी में जो अमृतवाला तत्व है उसे वह जानता है जो धूप में खूब सूख चुका है, वह नहीं जो रेगिस्तान में कभी पड़ा ही नहीं है।

सुख देनेवाली चीज़े पहले भी थीं और अब भी हैं। फर्क यह है कि जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं और उनके मज़े बाद में लेते हैं, उन्हें स्वाद अधिक मिलता है। जिन्हें आराम आसानी से मिल जाता है। उनके लिए आराम ही मौत है। साहस की ज़िन्दगी सबसे बड़ी ज़िन्दगी होती है। ऐसी ज़िन्दगी की सबसे बड़ी पहचान है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखनेवाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। **(3×3=9)**

V. कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

13) वाच्य क्या है ? एक उदाहरण लिखिए।

14) सर्वनाम के कितने भेद है ? क्या–क्या है ?

15) उपसर्ग और प्रत्यय का अंतर लिखकर एक–एक उदाहरण दीजिए।

16) व्यक्तिवाचक संज्ञा और जातिवाचक संज्ञा में क्या अंतर है ? एक–एक उदाहरण लिखिए।

17) किसी एक मुहावरे या लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

18) 'आग' शब्द का एकार्थक शब्द लिखिए।

19) 'काम' शब्द का अनेकार्थक शब्द लिखिए।

20) मैं यह खत लिखा (शुद्ध कीजिए)

21) सीता ने पाठ पढ़नी लगी (शुद्ध कीजिए)

22) हम देश की सेवा करना चाहिए (शुद्ध कीजिए) **(8×1=8)**